**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक– 26.07.2025 (दोपहर–1455 बजे)**

झारखंड विधानसभा में भारतीय जनता पार्टी ने संगठनात्मक फेरबदल करते हुए विधायक नवीन जायसवाल को मुख्य सचेतक नियुक्त किया है। इसके अलावा विधायक राज सिन्हा और नागेंद्र महतो को उप सचेतक की जिम्मेदारी सौंपी गई है।`प्रदेश भाजपा नेतृत्व का कहना है कि यह बदलाव आगामी विधानसभा सत्रों में पार्टी की रणनीति को और मजबूत करने के लिए किया गया है।

**********************

राज्य सरकार द्वारा अटल मोहल्ला क्लीनिक का नाम बदलकर मदर टेरेसा के नाम पर रखने के मुद्दे पर भारतीय जनता पार्टी लगातार हमलावर है। रांची स्थित प्रदेश भाजपा कार्यालय में आज पत्रकारों से बातचीत में पूर्व नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बावरी ने कहा कि अटल मोहल्ला क्लीनिक का नाम बदलकर राज्य सरकार सिर्फ राजनीति कर रही है।

**********************

हजारीबाग के उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह ने आज बरही अनुमंडल अंतर्गत मुख्य बरही चौक के सुंदरीकरण और नगर की स्वच्छता व्यवस्था को लेकर स्थल निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बरही चौक स्थित गोलंबर की स्थिति की बारीकी से जांच की तथा वहां व्यापक सफाई कराकर तत्काल सुंदरीकरण कार्य प्रारंभ करने का निर्देश दिया।

**********************

हटिया विस्थापित परिवार समिति के अध्यक्ष पंकज शाहदेव और महासचिव कलाम आजाद के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने आज विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्र नाथ महतो से उनके आवास पर मुलाकात की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने विधानसभा अध्यक्ष को विस्थापितों की मांगों से संबंधित एक ज्ञापन सौंपा।

**********************

पश्चिमी सिंहभूम जिला प्रशासन ने शिक्षा का अधिकार अधिनियम का उल्लंघन करने वाले विद्यालयों के खिलाफ कड़ा रुख अपनाया है। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता –

**********************

झारखंड समेत देशभर में आज कारगिल विजय दिवस मनाया जा रहा है। यह दिवस 1999 में पाकिस्तान के खिलाफ हुए करगिल युद्ध में शहीद हुए वीर जवानों की स्मृति में मनाया जाता है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने करगिल युद्ध के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की है। अपने संदेश में प्रधानमंत्री ने कहा है कि यह अवसर हमें मां

भारती के उन वीर सपूतों के अप्रतिम साहस और शौर्य का स्मरण कराता है, जिन्होंने देश के आत्मसम्मान की रक्षा के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया।

**********************

इधर, राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार, मुख्यमत्री हेमंत सोरेन और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कारगिल विजय दिवस पर वीर शहीदों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की है। सोशल मीडिया पोस्ट में राज्यपाल ने लिखा है कि विषम परिस्थितियों में मातृभूमि की रक्षा के लिए सैनिकों का पराक्रम, अटूट संकल्प व राष्ट्रभक्ति सदैव स्मरणीय रहेगा। मुख्यमंत्री ने देश की संप्रभुता, एकता और अखण्डता की रक्षा करने वाले वीर जांबाजों और उनके परिवारजनों को नमन किया है। वहीं बाबूलाल मरांडी ने लिखा है कि मातृभूमि की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वाले वीर सैनिकों के प्रति देश सदैव कृतज्ञ रहेगा।

**********************

पूर्वी सिंहभूम समेत राज्य में कई जगहों पर अगले चौबीस घंटे के दौरान भारी बारिश होने पूर्वानुमान है। इस दौरान कोल्हान प्रमंडल के पूर्वी और पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला–खरसावां में आज अत्यंत भारी बारिश को लेकर अलर्ट जारी किया गया है। वहीं अगले दो दिनों के दौरान रांची, खूंटी, सिमडेगा और लोहरदगा जिले में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है, जबकि राज्य के शेष जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। पूर्वी सिंहभूम के उपायुक्त ने बताया कि खरकई और स्वर्णरेखा नदी खतरे के निशान के ऊपर बह रही है। उन्होंने तटीय क्षेत्र के लोगों से अपील की है कि सुरक्षित स्थानों में रहें और नदी किनारे नहीं जायें।

*********समाप्त*********